(ख) इनमें किसी भी मूर्ति को इंगलैण्ड ले जाने के लिए कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते कि कोई व्यक्ति संस्था ऐसा प्रस्ताव लेकर सामने आये।

संसद् सदस्यों के लिए किराये पर दिया जाने वाला फर्नीचर

2556. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **निर्माण, आवास तथा पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने, दिल्ली में संसद सदस्यों को किराये पर दिये जाने वाले फर्नीचर से बहुत बड़े भाग को काम न आने योग्य घोषित किया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उसे बदलने के लिये उन्होंने नया फर्नीचर खरीदने का निर्णय किया है;

(ग) यदि हां, तो क्या उस फर्नीचर को पसन्द करने के लिये कोई समिति नियुक्त की गई है; और

(घ) यदि हां, तो उस समिति के सदस्यों के नाम क्या हैं ?

निर्माण, आवास तथा पूर्ति मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री इकबाल सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) जी नहीं, किन्तु केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा उन सदस्यों के लिए जिन्होंने आंशिक रूप से अथवा पूर्णत: न्यू स्केल फ़र्नीचर अथवा पुरानी मदों के स्थान पर नए फ़र्नीचर की मदों के लिए इच्छा की है, फ़र्नीचर उपलब्ध किया जा रहा है।

(ग) फ़र्नीचर की डिज़ाइन का चुनाव लोक सभा तथा राज्य सभा की संयुक्त आवास समिति के द्वारा नियुक्त की गयी एक व्यक्तीय समिति के द्वारा किया गया है तथा नए फ़र्नीचर की उपलब्धि के लिए उसी पैटर्न का अनुसरण किया जा रहा है।

(घ) लोक सभा तथा राज्य सभा के द्वारा नियुक्त एक व्यक्तीय समिति में संसद सदस्य श्री पीलू मोदी थे।

इर्विन अस्पताल (दिल्ली) में नर्सों की मृत्यु के कारणों की जांच

2557. **श्री ओंकार लाल बेरवा** :
श्री स० मो० बनर्जी :

क्या **स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में इर्विन अस्पताल नई दिल्ली, में हुई कुछ नर्सों की रहस्यमय मृत्यु के सम्बन्ध में की जा रही विभागीय जांच पूरी हो चुकी है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी उप-पत्तियां क्या हैं और उन पर क्या कार्यवाही की गई है?

स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति) : (क) और (ख). जांच आयोग ने अभी अपना काम पूरा नहीं किया है।

श्री बीजू पटनायक द्वारा विदेशी मुद्रा के लिये प्रार्थना

2558. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वित्त** मंत्री 13 मार्च, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3882 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा के भूतपूर्व मुख्य मंत्री श्री बीजू पटनायक ने पारपत्र के जारी होने के समय और उसके नवीकरण के समय सरकार से विदेशी मुद्रा के लिये प्रार्थना की थी ;

(ख) यदि हां, तो उन्होंने कितनी विदेशी मुद्रा की मांग की थी; और

(ग) उन्हें पारपत्र जारी करते समय और उसके नवीकरण के समय अलग-अलग कितनी विदेशी मुद्रा दी गई ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). ये सवाल पैदा ही नहीं होते